**विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2024 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-07 का उत्तर**

| | प्रश्न | | उत्तर |
|---|---|---|---|
| 07 (क) | क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश के वित्तविहीन माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों/शिक्षकों के दिनांक 01 दिसम्बर, 2023 से दिनांक 13 मार्च, 2024 तक कितने पत्र संबंधित विभाग के अपर मुख्य सचिव को प्राप्त हुए है? | | जी हाँ, <br>अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा उ0प्र0 शासन लखनऊ के माध्यम से मा0 शिक्षक विधायक वाराणसी श्री लाल बिहारी यादव का पत्र दिनांक 08.01.2024 प्राप्त हुआ है। |
| (ख) | उक्त पत्रों मे क्या-क्या अनुरोध किया गया है और किये गये अनुरोध पर अब तक क्या कार्यवाही हुई है? | | उक्त पत्र द्वारा अनुरोध किया गया है कि हाईस्कूल-इण्टरमीडिएट की परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के स्थान पर परीक्षा देते पकड़े गये फर्जी परीक्षार्थी के बैठने का सम्यक परीक्षण कर वास्तविक रूप से दोषी पाये जाने वाले विद्यालय को डिबार करने पर विचार किया जाय। <br>तदक्रम में माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 द्वारा आयोजित वर्ष-2024 की बोर्ड परीक्षाओं के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर पकड़े गये छद्म परीक्षार्थी से संबंधित प्रकरणों पर यथोचित निर्णय लिये जाने हेतु प्रकरण परिषद की परीक्षा समिति के विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 03 जून, 2024 में सम्यक विचारोपरान्त समिति ने निश्चय किया कि वर्ष 2024 में हाईस्कूल-इण्टरमीडिएट की परीक्षा में परीक्षा केन्द्रों पर पकड़े गये छद्म परीक्षार्थियों से संबंधित परीक्षा केन्द्रों एवं |

Scanned with ACE Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | पंजीकृत विद्यालयों की भूमिका के संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक से स्पष्ट आख्या एवं संस्तुति प्राप्त की जाय। तदनुसार कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। |
| (ग) | क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | | उक्तवत। |
| (घ) | यदि नहीं, तो क्यों? | | उक्तवत। |

Bp
31/7/2024

(गुलाब देवी)
माध्यमिक शिक्षा मंत्री।

Scanned with ACE Scanner